卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 212 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦9 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# शुभेंदु बने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में पांच मंत्रियों के साथ ली शपथ



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में 9 मई 2026 का दिन ऐतिहासिक बन गया। आजादी के बाद पहली बार राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल ने शुभेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और विभिन्न राज्यों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शुभेंदु अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंचे और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूरे समारोह स्थल पर भाजपा समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। मुख्य मंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए धामी



देहरादून/कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नई भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी भी विशेष चर्चा का विषय रही। कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रथम पंक्ति में बैठे नजर आए, जिसे राजनीतिक गलियारों में उनके बढ़ते कद और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होती पहचान के रूप में देखा जा रहा है। शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ के दौरान मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी रही। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए भाजपा नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण मुलाकातें कीं। समारोह में उनकी मौजूदगी ने उत्तराखण्ड का मान भी बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर के ताले तोड़कर लाखों के जेवर व नगदी चोरी



काशीपुर। शादी समारोह में शामिल होने गये परिवार की गैरमौजूदगी में अज्ञात चोरों ने एक घर के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात व हजारों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को सौंपी है।कविनगर निवासी सुदीप विश्नोई पुत्र ज्ञानप्रकाश विश्नोई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 8 मई की सुबह परिवार के साथ अपने मौसेरे भाई की शादी में सम्मिलित होने के लिए मुरादाबाद गया था। जब वह आज सुबह 6 बजे घर वापस पहुंचा तो देखा घर का ताला टूटा हुआ था तथा उसकी माता के कमरे की अलमारियां टूटी हुयी थीं। अज्ञात चोर अलमारी में रखे करीब 7 लाख के सोने व चांदी के जेवरात व 30 हजार की नकदी चोरी कर ले गये हैं। बताया कि चोर रात्रि करीब 2.50 बजे घर में घुसे थे। बताया कि चोरी की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। यहां बतादें कि करीब एक सप्ताह पूर्व साकेत नगर निवासी वीरेंद्र चौहान के घर से भी अज्ञात चोरों ने लाखों के आभूषणों व नगदी चोरी कर ली थी जिसका पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। वीरेंद्र चौहान का परिवार भी अपना घर बंद कर केदारनाथ की यात्रा पर गया था।

## ई रिक्शा चालक पर किया जानलेवा हमला



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में शुक्रवार की रात्रि तीनपानी डेम पर सवारी उतारकर घर वापस लौट रहे ई रिक्शा चालक को मार्ग में करीब एक दर्जन बाइक सवार युवकों ने घेरकर उसका वाहन रोकने की कोशिश की। जब चालक जान बचाते हुए घर के पास पहुंचा तो युवकों ने उस पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आज प्रात: ई रिक्शा चालक की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक हमलावर को अपनी हिरासत में लेकर उससे मामले में पूछताछ शुरू कर दी है। दीपक पुत्र राजपाल निवासी विवेक नगर, ट्रांजिट कैम्प ने बताया कि वह एक ई-रिक्शा चालक है। 8 मई की रात्रि लगभग 11:30 बजे वह अपने ई-रिक्शा में सवारी बैठाकर तीन पानी डाम पर छोड़ने गया था। जब वहां से अपना ई-रिक्शा (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्वास्थ्य मंत्री का मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में छापा

### एमएस को पद से हटाने के निर्देश,औषधि भंडार केंद्र को सील कर जांच के आदेश



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने बुधवार देर रात पंडित राम सुमेर शुक्ल मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल रूद्रपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में फैली गंदगी, खराब साफ सफाई व्यवस्था, दवा वितरण में लापरवाही तथा मरीजों को हो रही परेशानियों को देखकर स्वास्थ्य मंत्री ने गहरी नाराजगी जताई और अधिकारियों को व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल देर रात अचानक जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न वार्डों, आपातकालीन सेवाओं, औषधि भंडार केंद्र और अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे बातचीत कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं और समस्याओं की जानकारी ली। मरीजों और परिजनों ने मंत्री के सामने दवाओं की उपलब्धता, साफ सफाई और इलाज व्यवस्था को लेकर शिकायतें रखीं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर और शौचालयों में गंदगी पाए जाने पर स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार के साथ स्वच्छ वातावरण मिलना बेहद जरूरी है और इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ कहा (शेष पृष्ठ सात पर)

# मेयर की दो टूक: संघ को बदनाम न करें, स्कूल सुरक्षित है

### बोले-शहर की सामाजिक संस्थाओं का बुरा हाल, एक व्यक्ति के इशारे पर चल रही है शहर की सामाजिक संस्थाएं




रुद्रपुर। जनता इंटर कॉलेज के पास स्थित सरकारी भूमि को लेकर उठे विवाद के बीच मेयर विकास शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्कूल को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया गया है और नगर निगम ने केवल सरकारी भूमि को अपने कब्जे में लिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई उनके व्यक्तिगत निर्णय से नहीं, बल्कि जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र की सरकारी भूमि को सुरक्षित और संरक्षित करने के अभियान के तहत की गई है। शुक्रवार को जनता इंटर कॉलेज के प्रबंध वर्ग और समाज के वरिष्ठ लोगों के प्रतिनिधि मंडल ने इस विषय को लेकर मेयर विकास शर्मा से मुलाकात की। बातचीत के दौरान ज्ञापन में आरएसएस का उल्लेख देख मेयर ने नाराजगी जताते हुए कहा, संघ को बदनाम करने का प्रयास न करें। जिस कार्यक्रम का हवाला दिया जा रहा है, वह वर्ष 2017 के बाद आयोजित ही नहीं हुआ। लेकिन जबरदस्ती आप लोगों द्वारा इसको (शेष पृष्ठ सात पर)

## शहर की संस्थाओं की दुर्दशा पर जमकर निकाली भड़ास

रुद्रपुर। मेयर ने कहा कि शहर की कई सामाजिक और सार्वजनिक संस्थाएं लंबे समय से उपेक्षा का शिकार हैं। उन्होंने श्मशान घाट, रामलीला मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन स्थानों के विकास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने पड़ोसी नगर गदरपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां का श्मशान घाट (शेष पृष्ठ सात पर)

## जनता इंटर कॉलेज का 'नमाज पास' वायरल



रुद्रपुर। शहर के प्रतिष्ठित जनता इंटर कॉलेज का एक कथित "नमाज पास" सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल पास में कक्षा 8 के एक छात्र को नमाज अदा करने के लिए हाफ डे की अनुमति दिए जाने का उल्लेख है। पास पर कक्षा अध्यापक और प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर के साथ विद्यालय की मुहर भी अंकित दिखाई दे रही है।विद्यालयों (शेष पृष्ठ सात पर)

# चम्पावत दुष्कर्म प्रकरण में कमल रावत और अजिता राय गिरफ्तार

## झूठा मुकदमा दर्ज कराने और भ्रामक साक्ष्य प्रस्तुत करने का आरोप,तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

चम्पावत। जिले के सल्ली क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के चर्चित प्रकरण में पुलिस जांच के बाद बड़ा खुलासा हुआ है। मामले में झूठी प्राथमिकी दर्ज कराने, भ्रामक साक्ष्य प्रस्तुत करने और सोशल मीडिया के माध्यम से दबाव बनाने के आरोप में कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद सिंह सहित कमल रावत और अजिता राय के खिलाफ चम्पावत कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सल्ली गांव निवासी राम सिंह रावत ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पुत्र विनोद रावत को राजनीतिक और व्यक्तिगत रंजिश के चलते साजिशन झूठे मुकदमे में फंसाया गया। शिकायत में कहा गया कि विनोद रावत गांव में डेयरी का कार्य करता है और घटना के दिन वह नियमित रूप से दूध के काम के सिलसिले में घर पहुंचा था। इसी दौरान उसके खिलाफ झूठे आरोप गढ़े गए। पुलिस ने मामले की गहन जांच के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण किया, संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए और डिजिटल एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों का परीक्षण किया। जांच में पाया गया कि



कमल रावत और अजिता राय द्वारा लगाए गए आरोपों में कई तथ्यात्मक विरोधाभास हैं। प्रस्तुत किए गए कुछ साक्ष्य प्रथम दृष्टया भ्रामक पाए गए। जांच के दौरान कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद सिंह की भूमिका भी सामने आई। आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से मामले को प्रचारित किया और अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया। पुलिस ने कमल रावत और अजिता राय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आनंद सिंह की भूमिका की भी जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली चम्पावत में तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(2), 217(बी), 331(4), 351(2), 61(2) तथा अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच के बाद पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। किसी भी व्यक्ति द्वारा झूठे साक्ष्य प्रस्तुत कर निर्दोष को फंसाने का प्रयास गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस प्रदेश सचिव का नाम सामने आने के बाद जिले के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। मामले को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई केवल तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है।

## सोशल मीडिया पोस्ट से नाबालिग की वीडियो एवं फोटोग्राफ हटाने की अपील

चंपावत । जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नाबालिग पीड़िता की निजता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चम्पावत पुलिस द्वारा त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में विवेचनाधीन एक संवेदनशील आपराधिक प्रकरण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया है कि एक व्यक्ति द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से नाबालिग पीड़िता से संबंधित वीडियो एवं फोटोग्राफ सार्वजनिक किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया कि कानूनन किसी भी नाबालिग की पहचान उजागर करना गंभीर दंडनीय अपराध है। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल पीड़िता की गोपनीयता और सामाजिक प्रतिष्ठा को प्रभावित करती हैं, बल्कि इससे उसकी मानसिक सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट को तत्काल हटवाने सहित अन्य कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। प्रकरण की विवेचना नियमानुसार की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संवेदनशील प्रकरण से जुड़ी सामग्री को सोशल मीडिया पर साझा न करें तथा कानून का सम्मान करते हुए पीड़िता की निजता बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# विकास योजनाओं के लिए 1096 करोड़ की दी स्वीकृति

## शिक्षा, निकायों, कुम्भ मेला और आधारभूत विकास कार्यों के लिए जारी हुई धनराशि

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं, शिक्षा, पर्यटन, शहरी एवं ग्रामीण निकायों तथा कुम्भ मेला 2027 से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए कुल 1096 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों और योजनाओं के लिए धनराशि अवमुक्त किए जाने से विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अंतर्गत जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी में कोटाबाग के पतलिया स्थित गुरूणी नाले पर पुल निर्माण के लिए 9.43 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा विकासखंड रामगढ़ में मोहन बाजार मुक्तेश्वर में कार पार्किंग निर्माण कार्य हेतु 9.89 करोड़ रुपये की मंजूरी देते हुए प्रथम किश्त के रूप में 3.95 करोड़ रुपये जारी किए जाने का अनुमोदन भी प्रदान किया गया है।छठवें राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा समस्त शहरी स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2026 27 की प्रथम त्रैमासिक किश्त के रूप में 328.27 करोड़ रुपये तथा तीन गैर निर्वाचित निकायों को प्रथम छमाही किश्त के लिए 3 करोड़ रुपये, कुल 331.27 करोड़ रुपये अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति दी गई है।इसी क्रम में त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के लिए जिला पंचायतों को प्रथम त्रैमासिक किश्त के रूप में 82.20 करोड़ रुपये, क्षेत्र पंचायतों को 75.46 करोड़ रुपये तथा ग्राम पंचायतों को 194.61 करोड़ रुपये जारी किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। इस प्रकार पंचायतीराज संस्थाओं के लिए कुल 352.27 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने प्रारम्भिक शिक्षा के अंतर्गत अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के कार्मिकों के वेतन भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष 2026 27 में प्रावधानित 160 करोड़ रुपये के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 80 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दी है। वहीं माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत प्रथम छह माह के लिए प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष 300 करोड़ रुपये की प्रथम 50 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त किए जाने का अनुमोदन भी प्रदान किया गया है। कुम्भ मेला 2027 की तैयारियों के तहत मुख्यमंत्री ने हरिद्वार में विभिन्न स्थायी विकास कार्यों के लिए भी धनराशि स्वीकृत की है। इसमें शंकराचार्य चौक, देवपुरा चौक, चन्द्राचार्य चौक एवं आर्यनगर चौक के आंतरिक मार्गों तथा बैरियर से गुगाल मंदिर मार्ग के नवीनीकरण कार्य हेतु 6.44 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा रानीपुर मोड़, शंकर आश्रम, शिव मूर्ति चौक और झंडा चौक के जंक्शन सुधार एवं सौंदर्यीकरण के लिए 6.83 करोड़ रुपये तथा डीजल संचालित सेल्फ प्रोपेल्ड वैक्यूम आधारित ईवी रोड स्वीपिंग मशीनों की आपूर्ति और कमीशनिंग के लिए 5.95 करोड़ रुपये की धनराशि जारी किए जाने का अनुमोदन दिया गया है।

## जिला अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने मरीजों का जाना हाल

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ भ्रमण कार्यक्रम के समापन के बाद गुरुवार को जिला अस्पताल बी डी पाण्डेय पहुंचकर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी एवं चिल्ड्रन वार्ड का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की तथा मरीजों का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध



चिकित्सा सुविधाओं और उपचार व्यवस्था की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर उपचार के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है और किसी भी मरीज को उपचार के अभाव में परेशानी नहीं होने दी जाएगी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मरीजों के परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की समस्या या दिक्कत सामने आती है तो वे जिलाधिकारी आशीष भटगाईं के माध्यम से अपनी बात सीधे उन तक पहुंचा सकते हैं। मुख्यमंत्री के आत्मीय व्यवहार और संवेदनशीलता से अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों में विश्वास और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# अधिकार, सुरक्षा व महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस ने फूंका पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और महंगाई के मुद्दे को लेकर महानगर महिला कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए बुद्ध पार्क में सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान महिलाओं को अविलंब 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किए जाने, कमर्शियल गैस सिलेंडरों के बढ़े हुए दाम वापस लिए जाने तथा चंपावत में नाबालिग बच्ची के साथ हुई शर्मनाक घटना एवं भाजपा नेता की कथित संलिप्तता की निष्पक्ष जांच की माग उठाई गई।कार्यक्रम का नेतृत्व महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय महिलाओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की।महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी ने कहा कि देश और प्रदेश में महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर केंद्र एवं राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे करती हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने के मुद्दे पर लगातार टालमटोल किया जा रहा है।उन्होंने



कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद आज तक महिलाओं को उसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाया है। यदि सरकार वास्तव में महिलाओं के अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को लेकर गंभीर है तो उसे बिना किसी देरी के महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना चाहिए। मधु सांगूड़ी ने कमर्शियल गैस सिलेंडरों के लगातार बढ़ते दामों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई ने आम जनता, छोटे व्यापारियों, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का सबसे अधिक असर महिलाओं और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने चंपावत की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जब किसी नाबालिग बच्ची के साथ अपराध होता है और उसमें सत्ता पक्ष से जुड़े लोगों के नाम सामने आते हैं, तब जनता का कानून व्यवस्था से विश्वास उठने लगता है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने तथा पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। महिला कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की लगातार अनदेखी की गई तो संगठन पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन चलाने को बाध्य होगा। इस दौरान पार्षद भागीरथी बिष्ट, मुन्नी जोशी, सविता गुरुरानी, कनक जीना, मुन्नी पंत, लता पांडे, गीता बहुगुणा, मीनाक्षी नयाल, शान्ति मेहता, पुष्पा कोरंगा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किरण मेहरा, दिनेश सांगूड़ी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस हताशा में रच रही साजिशें : राणा

नानकमत्ता। पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने कांग्रेस पर राजनीतिक हताशा में षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चंपावत में



हुई हालिया घटना को कांग्रेस ने भाजपा सरकार और संगठन की छवि खराब करने के लिए मुद्दा बनाने का प्रयास किया। डॉ. राणा ने कहा कि पुलिस की शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को झूठे और फर्जी मामलों में फंसाने की कोशिश की गई। बिना किसी ठोस तथ्य और जांच के कांग्रेस तथा उसके प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं को बदनाम करने का अभियान चलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के इशारे पर कई स्थानों पर प्रदर्शन कराए गए और भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया। इसका उद्देश्य मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र और भाजपा संगठन की छवि धूमिल करना था। पूर्व विधायक ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, पिछले कुछ महीनों में भी कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार और संगठन के खिलाफ भ्रामक माहौल बनाने का प्रयास करती रही है। उन्होंने जनवरी में हुए तिलक राज बेहड़ प्रकरण और विधायक अरविंद पांडे के नाम से वायरल हुए कथित फर्जी पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पहले भी गलत जानकारी फैलाकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश की है। डॉ. प्रेम सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास, कानून व्यवस्था और धार्मिक मुद्दों पर जनता को गुमराह करने की राजनीति करती रही है, लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है। आगामी चुनावों में जनता कांग्रेस को इसका जवाब देगी।

# पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश कर रही कांग्रेस : जिंदल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस राजनीतिक हताशा में भाजपा के विरुद्ध गहरे षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने चम्पावत में हुई हालिया घटना को इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बताते हुए कहा कि यह केवल भाजपा की छवि को धूमिल करने का एक असफल



प्रयास है।जिंदल ने स्पष्ट किया कि पुलिस की शुरुआती जांच में यह पूरी तरह साफ हो गया है कि भाजपा कार्यकर्ता को एक सोची-समझी साजिश के तहत झूठे और फर्जी मामले में फंसाने की कोशिश की गई थी। उन्होंने कांग्रेस और उसके प्रदेश नेतृत्व पर हमला बोलते हुए कहा कि बिना किसी ठोस तथ्य और जांच के भाजपा संगठन तथा कार्यकर्ता को बदनाम करने के लिए बेबुनियाद आरोप लगाए गए।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के इशारे पर जगह-जगह विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए ताकि एक गलत नैरेटिव सेट किया जा सके। इस पूरी साजिश का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र और भाजपा संगठन की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि यह कोई इकलौती घटना नहीं है, बल्कि बीते चार महीनों में कांग्रेस ने कई बार सरकार और संगठन की छवि खराब करने के कुत्सित प्रयास किए हैं।कमल जिंदल ने पूर्व के मामलों का उल्लेख करते हुए जनवरी में हुए तिलक राज बेहड़ प्रकरण का जिक्र किया और कहा कि उस समय भी सरकार पर झूठे आरोप मढ़े गए थे। इसके साथ ही उन्होंने विधायक अरविंद पांडे के नाम से वायरल हुए फर्जी पत्र को लेकर भी कांग्रेस पर जनता के बीच भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पहले भी राज्य की छवि बिगाड़ने के उद्देश्य से पावन धामों, अपराध और विकास जैसे गंभीर मुद्दों पर भ्रामक जानकारियां प्रस्तुत करती रही है। जिंदल ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस की इन चालबाजियों को बखूबी समझ रही है और आगामी विधानसभा चुनाव में उसे इसका करारा जवाब मिलेगा।



# रुद्रपुर की सड़कों को आवारा पशुओं से मुक्त किया जायेगा : विकास

रुद्रपुर। शहर की सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे आवारा गोवंश पर लगाम कसने के लिए नगर निगम ने एक बड़ा सुरक्षात्मक कदम उठाया है। पिछले लंबे समय से शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या न केवल यातायात में बाधा बन रही थी, बल्कि आए दिन गंभीर हादसों का सबब भी बन रही थी। इन परिस्थितियों को देखते हुए महापौर विकास शर्मा ने नगर निगम की टीम को विशेष अभियान चलाकर गोवंश को सड़कों से हटाने के निर्देश दिए, जिसके बाद शुक्रवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में व्यापक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।इस पूरे अभियान की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महापौर विकास शर्मा ने स्वयं नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे और नगर निगम की पूरी टीम के साथ नवनिर्मित गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। छह एकड़ के विशाल भूखंड पर तैयार की गई इस आधुनिक गौशाला में पशुओं के रखरखाव और संरक्षण के लिए की गई व्यवस्थाओं को महापौर ने बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि गौशाला अब गोवंश को आश्रय देने के लिए पूरी तरह



तैयार है। हालांकि इसका औपचारिक उद्घाटन आगामी दिनों में विधि-विधान और हवन-पूजन के साथ किया जाना प्रस्तावित है, किंतु जनहित और पशु सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इसे अभी से क्रियाशील कर दिया गया है।दरअसल, नगर निगम प्रशासन की यह त्वरित कार्रवाई दो दिन पूर्व काशीपुर रोड पर हुई एक दर्दनाक घटना का परिणाम है, जहां एक आवारा पशु से टकराने के कारण एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इस हादसे ने प्रशासन को झकझोर कर रख दिया, जिसके बाद महापौर ने निर्माणाधीन गौशाला को तत्काल प्रभाव से पशुओं के लिए खोलने का निर्णय लिया। शुक्रवार को चलाए गए अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने शहर के अलग-अलग कोनों से गोवंश को रेस्क्यू किया और सुरक्षित रूप से गौशाला पहुंचाया।व्यवस्थाओं को और अधिक मानवीय बनाने के लिए गौशाला परिसर में बीमार और चोटिल पशुओं के उपचार हेतु पृथक वार्ड की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। महापौर विकास शर्मा ने इस दौरान स्पष्ट किया कि इस वृहद परियोजना को सफल बनाने के लिए सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है। उनके आह्वान पर शहर के कई प्रमुख समाजसेवियों ने गौशाला के सुचारू संचालन और पशुओं की सेवा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। महापौर ने जन-सहयोग की इस भावना की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही रुद्रपुर को आवारा पशुओं की समस्या से स्थायी मुक्ति दिलाई जा सकती है। इस निरीक्षण और अभियान के दौरान वेद ठुकराल, चिराग कालरा सहित नगर निगम के तमाम अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अवैध वसूली मामले में कार्रवाई न होने पर एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर। अवैध खनन और ओवरलोड डंपरों से कथित अवैध वसूली के मामले में कार्रवाई न होने पर पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्याप्त सबूत दिए जाने के बावजूद पुलिस अब तक मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एसएसपी को सौंपे ज्ञापन में राजकुमार ठुकराल ने कहा कि 16 अप्रैल को डंपर स्वामी राम सिंह पुत्र फूल सिंह द्वारा अवैध खनन और ओवरलोड डंपरों के संचालन के संबंध में विकास सागर नामक व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी गई थी। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि ओवरलोड डंपरों से पुलिस के नाम पर अवैध उगाही की जा रही है। ठुकराल ने कहा कि इस मामले में एक मई को राम सिंह द्वारा कोतवाली रूद्रपुर में शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए



कथित अवैध वसूली से जुड़े सबूत भी उपलब्ध कराए गए थे। इसके बावजूद एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के नाम पर हो रही कथित अवैध वसूली से विभाग की छवि धूमिल हो रही है और आम जनता में गलत संदेश जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं तो पुलिस को निष्पक्ष तरीके से मुकदमा दर्ज कर जांच करनी चाहिए, लेकिन इस मामले में कार्रवाई न होना पुलिस की लचर कार्यप्रणाली और उदासीन रवैये को दर्शाता है। राजकुमार ठुकराल ने कहा कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वह जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वह उपवास और धरना भी देंगे।

# फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में युवाओं ने दिखाया दमखम

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। देवभूमि बैकुंठपुर शक्तिफार्म में युवाओं को नशे से दूर कर खेलों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से भव्य रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फ्लड लाइट की रोशनी में आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। शक्तिफार्म क्षेत्र के इतिहास में पहली बार आयोजित हुए इस रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर युवाओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। देर रात तक चले रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान में जुटे रहे। टूर्नामेंट का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मक सोच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और युवाओं को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में इस्लामनगर की टीम ने टॉस जीतकर



पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 115 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी आनंदनगर की टीम 67 रन ही बना सकी। इस्लामनगर की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए 56 रन बनाने वाले मोहम्मद सादाब को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरे मुकाबले में गोविंदनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अरविंदनगर को 23 रन से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोविंदनगर की टीम ने आठ ओवर में 91 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरविंदनगर की टीम निर्धारित लक्ष्य से 23 रन पहले ही ऑल आउट हो गई। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 22 रन बनाने और दो विकेट लेने वाले अजय को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फ्लड लाइट में खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और पूरे आयोजन के दौरान मैदान में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका उदय और मनजीत ने निभाई, जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी सुप्रीतम राय और मानव राय ने संभाली। उद्घोषक के रूप में रामचंद्र राय ने पूरे आयोजन को जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर आयोजक समिति के संरक्षक रामचंद्र राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजा हालदार, प्रशांत बहुगुणा, जगदीश, मनोज राय, आनंद, अनिमेष, राम गोपाल सरकार, प्रशांत मजूमदार, पंचानन मंडल, बलाई साना समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# घर के आगे खड़े युवक पर किया हमला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा कालोनी में गुरुवार की रात्रि अपने घर के आगे खड़े युवक पर मोहल्ले के ही कुछ युवकों ने लोहे की रॉड व ईंट से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। कृष्णा कालोनी वार्ड दो निवासी सूरज आर्य पुत्र प्रेमदेव आर्य ने बताया कि 7 मई की रात्रि लगभग 9 बजे वह अपने कमरे के बाहर खड़ा था। तभी मोहल्ले के ही लगभग 1 दर्जन अज्ञात लड़के आये और बिना किसी बात के उससे गाली गलोच करने लगे जब उसने इसका कारण पूछा तो उन्होंने उस पर लोहे की रॉड व सर पर ईंट से हमला कर दिया। जिसमे उसके सर में गंभीर चोटें आई है। सूरज का



कहना है कि हमलावर युवकों ने घर के आगे खड़ी उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 06बीजे 9532 को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और दोबारा मिलने पर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने का आरोप

नानकमत्ता। कोतवाली क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र की एक युवती ने नानकमत्ता कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि किशनपुर निवासी श्याम सिंह ने उसे शादी का भरोसा दिया था। आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती का कहना है कि वह आरोपी की बातों पर विश्वास करती रही, लेकिन जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा।पीड़िता ने आरोप लगाया कि बाद में युवक ने शादी से साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद उसे अपने साथ धोखा होने का एहसास हुआ। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए नानकमत्ता कोतवाली पुलिस ने आरोपी श्याम सिंह निवासी किशनपुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कोतवाली पुलिस के अनुसार पीड़िता के बयान सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

# 10 मई को लगाए जायेंगे कृत्रिम अंग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा द्वारा आगामी 10 मई को सिटी क्लब काशीपुर बाईपास रोड पर आयोजित होने वाले शिविर में उन जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग लगाए जायेंगे जिनके नाम लेने के बाद कृत्रिम अंग तैयार किए गए हैं। संस्था द्वारा बताया गया कि अपने स्थापना वर्ष 2015 से ही दिव्यांग सहायता का कार्य प्रारंभ किया गया था।शाखा द्वारा वर्ष 2016, 2019 एवं 2022 में तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें क्रमशः 146, 219 व 251 कृत्रिम अंग लाभार्थियों को लगाए गए। वर्ष 2024 में शाखा के नवीन दायित्वधारियों द्वारा इस सेवा कार्य को सेवा केंद्र के माध्यम से नियमित रूप से करने का निर्णय किया गया तथा सेवाभावी वरिष्ठ सदस्य अंकुर अग्रवाल द्वारा इस हेतु स्थान उपलब्ध करवाकर इस सेवा कार्य को आगे बढ़ाने का निर्णय किया एवं विवेकानन्द सेवा केंद्र की स्थापना हुई। शाखा सदस्यों ने अब बड़े शिविर आयोजित न करके वर्ष में 3-4 छोटे शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया। वर्ष 2024 में 3 शिविरों में 100 व 2025 में 3 शिविरों में 94 कृत्रिम अंग लाभार्थियों को लगाए गए। इसी कड़ी में जनवरी माह में भी शिविर आयोजित किया गया था। अगला शिविर 10 मई को प्रस्तावित है। जिसमें लगभग 65 से अधिक लाभार्थियों को कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएँगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

काशीपुर। एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज की है। केशवपुरम निवासी रघुराज सिंह पुत्र झम्मन सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 31 वर्षीय पुत्र विनित कुमार बीती 1 मार्च 2026 की सुबह करीब 10 बजे घर पर किसी को बिना कुछ बताये पता नहीं कहां चला गया है। उसकी हरसंभव जगह तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। कहा कि उसका पुत्र पूर्व में काम के सिलसिले में 5-10 दिन के लिए घर से चला जाता था परन्तु वह घर वापस आ जाता था और अगर नहीं आता था तो वह किसी के भी फोन से कॉल करके बता देता था कि वह कहा है। कहा कि इस बार 15 दिन बीत जाने के बाद भी वह घर वापस नहीं लौटा है और उसने इन दिनों हमें कॉल भी नहीं की है। वह अपने साथ कोई मोबाईल भी नहीं रखता है।

# कॉलेज के वॉशरूम में छात्रा का वीडियो बनाने की कोशिश

काशीपुर (उद संवाददाता)राधे हरि राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर मामला सामने आया है। महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर आरोप लगाया है कि कॉलेज परिसर के वॉशरूम में गई एक छात्रा का किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाने की कोशिश की गई। घटना सामने आने के बाद छात्र छात्राओं और अभिभावकों में नाराजगी का माहौल बना हुआ है। जतिन शर्मा द्वारा जारी वीडियो में बताया गया कि घटना उस समय की है जब महाविद्यालय में हड़ताल और अन्य गतिविधियां चल रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान एक छात्रा वॉशरूम में गई थी, जहां उसे खिड़की की ओर से किसी व्यक्ति द्वारा कैमरा अंदर डालकर वीडियो बनाने की कोशिश किए जाने का आभास हुआ। छात्रा द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। छात्र संघ अध्यक्ष ने घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए कहा कि जिस शिक्षण संस्थान को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है, यदि वहां भी छात्राएं सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं तो यह बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वॉशरूम का इस्तेमाल करने से पहले आसपास और खिड़कियों की ओर विशेष सतर्कता बरतें। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल कॉलेज के कई वॉशरूम बंद हैं, जबकि पीजी ब्लॉक और भूगोल विभाग के कुछ वॉशरूम ही खुले हुए हैं। ऐसे में असामाजिक तत्व इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए छात्राओं को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। मामले के सामने आने के बाद छात्र छात्राओं और अभिभावकों में रोष व्याप्त है।

# भाविप ने लगाया बाल संस्कार शिविर

सितारगंज।भारत विकास परिषद की महिला विंग द्वारा तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन हॉली चिल्ड्रन स्कूल के प्रांगण में सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।महिला अध्यक्षा सीमा सिंघल ने बताया कि आज प्रथम दिन बच्चों को योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया जाएगा,योग प्रशिक्षा उमा गुप्ता ने प्रणायाम से शरीर स्वस्थ होने,सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभ एवं विभिन्न प्रकार की योग क्रिया बच्चों को सिखाई उन्होंने कहा कि अगर हमारा तन स्वस्थ है तो हम अच्छा जीवन जी सकते हैं और हमारा मस्तिष्क विभिन्न कार्य करने के लिए बहुत तेजी से जागृत



रहता है।इस मौके परअध्यक्ष अमित गोयल,प्रांतीय संयोजक महेश मित्तल,सहाइव मनीष मित्तल,अनंत प्रकाश शुक्ला,अविनाश जिंदल,महिला अध्यक्षा सीमा सिंघल,गीता पंत,कंचन मंडल,कीर्ति अग्रवाल सौम्या सिंघल,ममता गोयल,कोमल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजिका पूनम झिनझीरिया आदि थे।

कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

पत्रांक-322/[illegible]/2026-27 **सार्वजनिक सूचना** दि. 08.05.2026

[illegible]

कृपया सूचित होवें।

नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

मा0 महापौर
नगर निगम रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

पत्रांक-321/[illegible]/2026-27 **सार्वजनिक सूचना** दि. 08.05.2026

नगर निगम रुद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत समस्त नागरिकों, संस्थानों, निर्माणकर्ताओं, बिल्डर्स एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 (गजट दिनांक 29 मार्च 2016) तथा उत्तराखंड शासन (शहरी विकास विभाग) की अधिसूचना दिनांक 11 फरवरी 2023 के अनुपालन में नगर निगम क्षेत्र में सभी प्रकार के निर्माण एवं विध्वंस कार्यों के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट का संग्रहण, पृथक्करण, सुरक्षित भंडारण एवं अधिकृत स्थलों पर ही निस्तारण करना अनिवार्य किया जाता है तथा किसी भी प्रकार से अपशिष्ट को सड़कों, नालियों अथवा सार्वजनिक स्थलों पर फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। सभी सरकारी एवं अर्ध-सरकारी निर्माण कार्यों में रिसाइकल्ड C&D सामग्री का उपयोग अनिवार्य होगा। [illegible] ... उपरोक्त निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित नियमों के अंतर्गत जुर्माना, विधिक कार्यवाही की जाएगी। अतः सभी संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि उक्त नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें।

कृपया सूचित होवें।

नगर आयुक्त
नगर निगम रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

मा0 महापौर
नगर निगम रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

# मुख्यमंत्री धामी ने पिथौरागढ़ को समर्पित किया उच्चीकृत क्रिकेट मैदान

## खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर मुख्यमंत्री ने बढ़ाया युवाओं का उत्साह, मैदान में फ्लड लाइट लगाने की घोषणा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने पिथौरागढ़ जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्टेडियम पहुंचकर उच्चीकृत क्रिकेट मैदान का लोकार्पण किया और इसे जनपदवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्रिकेट पिच पर स्वयं बल्लेबाजी करते हुए छह गेंदों का ओवर खेलकर पिच का औपचारिक उद्घाटन किया। मैदान में मुख्यमंत्री का खिलाड़ियों के साथ अत्यंत उत्साहपूर्ण और आत्मीय अंदाज देखने को मिला।लोकार्पण के उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वहां उपस्थित खिलाड़ियों एवं युवाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं के साथ फुटबॉल, हॉकी एवं अन्य खेल गतिविधियों में भी सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का भी सशक्त माध्यम है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित समस्त युवाओं को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई और उन्हें नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से राज्य में चल रहे नशामुक्ति अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली और सकारात्मक सोच की ओर ले जाते हैं। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9 खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने खेलों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और उत्तराखंड को खेल के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं में अपार प्रतिभा है और खेल महाकुंभ जैसे आयोजनों से ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपनी कुशलता प्रदर्शित करने का मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि नई खेल नीति के माध्यम से उदीयमान खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ सहित राज्य के विभिन्न जनपदों में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार की बात कही। उन्होंने घोषणा की कि इस क्रिकेट मैदान में चारों ओर फ्लड लाइट की व्यवस्था की जाएगी ताकि रात्रि में भी खेल गतिविधियां संचालित हो सकें। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।





# रक्तदान शिविर को लेकर निकाली जागरूकता रैली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 10 मई को हल्दुचौर में आयोजित होने वाले विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को लेकर शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भागीदारी की अपील की गई।संत निरंकारी मण्डल हल्दुचौर के मुखी प्रताप सिंह बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के आशीर्वाद से पूरे विश्व में मानव एकता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविरों और सत्संग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह दिवस युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह के परोपकारी जीवन और लोक कल्याण की भावना को समर्पित है।उन्होंने बताया कि संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में 10 मई 2026 दिन रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक पंचायत घर शिव मंदिर गौला रोड हल्दुचौर बरेली रोड हल्द्वानी में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।रक्तदान शिविर के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली पंचायत घर शिव मंदिर गौला रोड हल्दुचौर से प्रारंभ होकर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए निरंकारी सत्संग भवन गोपिपुरम में संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में निरंकारी सेवादार, युवा भाई बहन और सत्संग सदस्य हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते नजर आए।प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि खून की एक बूंद कई जिंदगियां बचा सकती है। उन्होंने बताया कि रक्तदान अभियान की शुरुआत वर्ष 1986 में बाबा हरदेव सिंह महाराज द्वारा की गई थी। बाबा हरदेव सिंह के संदेश "रक्त नाड़ियों में बहना चाहिए, नालियों में नहीं" को सार्थक करने के उद्देश्य से मिशन समय समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज मानव सेवा और भाईचारे के इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं।रैली के समापन पर प्रताप सिंह बिष्ट ने क्षेत्रवासियों और शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर और सत्संग कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।






# विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 135 करोड की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विकास योजनाओं के सुचारू संचालन तथा विकास कार्यों के प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुसार समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनहित के कार्यों में तेजी लाई जा सके। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज में निर्माणाधीन पर्वतीय विकास भवन के अवशेष कार्य हेतु 79.87 लाख, खटीमा में शहीद स्थल पर शेड निर्माण हेतु अवशेष घ20.41 लाख, जनपद टिहरी के धनौल्टी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विराड़ में नाग देवता मंदिर के नवनिर्माण एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 49.86 लाख, देवप्रयाग क्षेत्र में सूर्य देवी मंदिर पलेठी बनगढ़ के सौन्दर्यीकरण हेतु 98.59 लाख के साथ जनपद पिथौरागढ़ में धारचूला क्षेत्र के दांतू गांव में ऐतिहासिक भवनों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 35.00 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री द्वारा डॉ० आर०एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के निर्वतन व्यय हेतु कुल 2.75 करोड़ की धनराशि अवमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।इसी क्रम में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के निर्वतन व्यय हेतु कुल 7.57 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री द्वारा इस वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत पुलिस विभाग के विभिन्न अधिष्ठानों हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष 50 प्रतिशत राशि घ35.74 करोड अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि होमगार्ड्स विभाग हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष 1.00 करोड़ की धनराशि अवमुक्त करने का भी अनुमोदन मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री ने आरटीई अधिनियम के अंतर्गत निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय किश्त के रूप में 84.89 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये जाने को स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल में मोलन-खण्डाह-भिंताई मोटर मार्ग का नाम शहीद कमल सिंह नेगी के नाम पर रखे जाने को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# 'वोकल फॉर लोकल मीट' कार्यक्रम का भव्य आयोजन

## जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी की पहल पर उत्पादों को बाजार से जोड़ने की बड़ी पहल

रामनगर(उद संवाददाता) ।जनपद नैनीताल के विकासखंड रामनगर स्थित अनंतम रिसोर्ट में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत "वोकल फॉर लोकल मीट" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की "लोकल को ग्लोबल बनाने" की सोच को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देशन में किया गया, जिसमें ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर पर मजबूती देने का स्पष्ट संदेश देखने को मिला।इस अवसर पर रामनगर, कोटाबाग, हल्द्वानी, धारी, भीमताल एवं रामनगर ब्लॉकों के स्वयं सहायता समूहों द्वारा कुल 12 आकर्षक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों में स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विविध उत्पादों ऐपण कला, जूट बैग, पर्स, रेशम पेंटिंग, पिछौड़ा, थाल, घंटी, शहद, हींग, सॉवेनियर, स्लीपर, मोरिंगा अचार, जैम, चटनी, वूलन टाईज, ब्लैक पॉटरी, ऑर्गेनिक दालें, मल्टीग्रेन आटा, मसाले, जूस, घी एवं आंवला कैंडीख्रका प्रदर्शन किया गया, जिसने स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी, अरविन्द कुमार पाण्डे, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष, हरि मान, ब्लॉक प्रमुख रामनगर मंजू नेगी एवं सहायक परियोजना निदेशक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। खंड विकास अधिकारी रामनगर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, जबकि सहायक परियोजना निदेशक ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने उत्पादों की विशेषताओं और निर्माण प्रक्रिया की जानकारी साझा की। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में होटल व्यवसायियों से अपील की कि वे इन उत्पादों को अपने प्रतिष्ठानों में स्थान देकर देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों तक पहुंचाएं, जिससे स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार मिल सके।महिला उद्यमियों ने भी होटल एसोसिएशन से अपने उत्पादों के विपणन एवं स्थायी टाई-अप के लिए सहयोग का अनुरोध किया, जिस पर सकारात्मक सहमति बनी।कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा होटल एसोसिएशन एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। इसके पश्चात स्टॉलों का निरीक्षण कर उत्पादों की गुणवत्ता, उपलब्धता एवं संभावित टाई-अप पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी, गोपाल सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि पुनीत सचदेव, कुलदीप सिंह, पुनीत अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अधिकारीगण एवं स्वयं सहायता समूहों की दर्जनों महिला उद्यमियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन कुंवर सामन्त एवं सुनील पंत द्वारा किया गया। यह आयोजन न केवल मुख्यमंत्री धामी की आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड की परिकल्पना को सशक्त करता है, बल्कि जिलाधिकारी नैनीताल के नेतृत्व में स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है।





# जन समस्याओं का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता: धामी

## सीएम ने कैंप कार्यालय लोहियाहेड में जनता और जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनी,दिए त्वरित समाधान के निर्देश





खटीमा।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को अपने गृह क्षेत्र खटीमा पहुंचे, जहां उन्होंने हेलीपैड और कैंप कार्यालय लोहियाहेड में आम जनता तथा जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और आम जनता को त्वरित राहत उपलब्ध कराना शासन प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों के साथ साथ जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी क्षेत्र की विभिन्न विकास योजनाओं और स्थानीय समस्याओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों और सुझावों पर भी गंभीरता से कार्य किया जाए।मुख्यमंत्री के खटीमा पहुंचने पर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। कैंप कार्यालय परिसर में दिनभर लोगों की आवाजाही लगी रही और बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, दर्जा मंत्री विनय रुहेला, नगर पालिका परिषद खटीमा अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, मुकेश कुमार, दान सिंह रावत, सतीश भट्ट, भवानी भंडारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चौधरी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एएसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवान सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।







# अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

## चोरी की 8 मोटर साइकिलों के साथ 2 शातिर गिरफ्तार, नेपाल में बेचते थे चोरी के वाहन




रूद्रपुर/सितारगंज। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सितारगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय मोटर साइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की आठ मोटर साइकिलें बरामद की हैं। गिरोह के सदस्य ऊधम सिंह नगर, बरेली और बहेड़ी समेत विभिन्न क्षेत्रों से मोटर साइकिल चोरी कर नेपाल में बेचते थे।जनपद में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी सितारगंज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सितारगंज सुन्दरम शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा पिछले करीब दो माह से वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए लगातार सुरागरसी और पतारसी की जा रही थी।इसी क्रम में सात मई की रात्रि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सिडकुल क्षेत्र स्थित सूखी नदी पुलिया के पास घेराबंदी कर दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करन सिकदार पुत्र दिलीप सिकदार निवासी सिमलपुर चुंगी बंगाली कॉलोनी थाना पुलभट्टा तथा समर सिंह पुत्र मनेन्द्र सिंह निवासी शक्तिफार्म नंबर एक बैकुण्ठपुर कोतवाली सितारगंज के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से शक्तिफार्म के चड़क मेले से चोरी की गई बुलेट मोटर साइकिल बरामद की गई।पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वे अपने फरार साथी अमरजीत सिंह के साथ मिलकर सितारगंज, शक्तिफार्म, किच्छा, रुद्रपुर, बाजपुर, बहेड़ी और बरेली सहित विभिन्न क्षेत्रों से मोटर साइकिल चोरी करते थे। चोरी की गई मोटर साइकिलों को नेपाल ले जाकर ऊंचे दामों में बेच दिया जाता था। आरोपियों ने बताया कि अब तक लगभग 25 चोरी की मोटर साइकिलें नेपाल में बेची जा चुकी हैं।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुल आठ चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों में बुलेट, दो अपाचे मोटर साइकिल, प्लेटिना, डिस्कवर, हीरो स्प्लेंडर, एनटॉर्क स्कूटी सहित अन्य वाहन शामिल हैं। पुलिस के अनुसार बरामद मोटर साइकिलों के संबंध में बरेली, बहेड़ी और अन्य क्षेत्रों के थानों में मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस फरार आरोपी अमरजीत सिंह की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। वाहन चोरी के इस बड़े खुलासे के बाद पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना की है।वाहन चोर गिरोह का खुलासा करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, उपनिरीक्षक जगदीश तिवारी, उपनिरीक्षक कैलाश देव,अपर उप निरीक्षक राकेश रौकली, अपर उप निरीक्षक प्रेम सिंह, कांस्टेबल जगदीश कोठियाल, कांस्टेबल भूपाल सिंह, कांस्टेबल सुमित चौधरी, कांस्टेबल कपिल कुमार और कांस्टेबल अशोक बोरा शामिल रहे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस काअभियान लगातार जारी रहेगा।

# संजय नगर खेड़ा में 11 मई को लगेगा महापौर का जनता दरबार



रूद्रपुर। नगर निगम रूद्रपुर द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'महापौर जनता के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत बहुद्देशीय शिविर का आयोजन 11 मई को संजय नगर खेड़ा में किया जाएगा। शिविर में महापौर विकास शर्मा स्वयं मौजूद रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और संबंधित विभागों के माध्यम से मौके पर ही उनके निस्तारण का प्रयास किया जाएगा।नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि जनता दरबार एवं बहुद्देशीय शिविर का आयोजन 11 मई को प्रात: 10 बजे से नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 11 संजय नगर खेड़ा स्थित बसंती पूजा मैदान में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य आम लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।नगर आयुक्त ने बताया कि शिविर में नगर निगम, तहसील प्रशासन, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला पूर्ति विभाग, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, जल संस्थान, सीएससी सहित विभिन्न विभागों की ओर से अलग अलग स्टाल लगाए जाएंगे। इन स्टालों पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लोगों की शिकायतें सुनी जाएंगी तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके अलावा लोगों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

# 31 वीं वाहिनी में चला विशेष वृक्षारोपण अभियान



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी इसी उद्देश्य के साथ आज शुक्रवार को 31वी वाहिनी पीएसी परिसर में देवेन्द्र पींचा, आईपीएस, सेनानायक 31वी वाहिनी पीएसी के सौजन्य से प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों द्वारा विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस अवसर पर सेनानायक श्री पींचा द्वारा प्रत्येक रिक्रूट आरक्षी द्वारा लगाये गये वृक्ष की प्रशिक्षण दौरान देखरेख किये जाने की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि एक जिम्मेदार पुलिसकर्मी केवल समाज की सुरक्षा ही नहीं करता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक कार्यों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रशिक्षु जवानों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पूरे अभियान में अनुशासन, सेवा भावना एवं सामाजिक जिम्मेदारी का विशेष संदेश देखने को मिला। इस अवसर पर देवेन्द्र पींचा, आईपीएस, सेनानायक, राकेश माहरा, शिविरपाल, दयाचंद रजवार,आरआई केआर भण्डारी, ज्योति प्रकाश, आरआई आरटीसी, खुर्शीद अली, सूबेदार सैन्य सहायक, पूरन सिंह बुंगला एसआई एपी तथा समस्त प्रशिक्षक स्टॉफ मौजूद रहे।

# गौमांस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



गदरपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली गदरपुर पुलिस ने गौमांस के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी वाहन, गौकशी में इस्तेमाल होने वाले औजार और प्रतिबंधित गौमांस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, बीती 5 मई को धीमर खेड़ा निवासी कुंवर सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि ग्रामीणों को दानिश अली के निर्माणाधीन मकान में गौकशी किए जाने का संदेह है। इस मामले में कोतवाली गदरपुर में उत्तराखंड गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सरोवर नगर तिराहे के पास मिलक खानम मार्ग से घेराबंदी कर छोटा हाथी वाहन संख्या यूके06सीए- 5167 को रोका और उसमें सवार तीन आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दानिश अली निवासी मसीत (गदरपुर), मोहसिन निवासी मंसूरनगर केलाखेड़ा और जलालउद्दीन निवासी अस्पताल वार्ड केलाखेड़ा के रूप में हुई है।पुलिस ने मौके से एक चापड़, दो छुरियां और एक कील भी बरामद की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों के पुराने आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल के साथ उपनिरीक्षक मोहन सिंह बोहरा, उपनिरीक्षक संजय सिंह बोरा, कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार और जीवन फुलेरा शामिल रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जहरीला तरबूज

स्वस्थ रहने के लिए फल और हरी सब्जियों का सेवन जरूरी माना जाता है। चिकित्सक भी लोगों को अपने रोजमर्रा के आहार में इन्हें शामिल करने की सलाह देते हैं। मगर इनकी पैदावार में जहरीले रसायनों का बढ़ता इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय बन गया है। फलों को समय से पहले पकाने, चमकदार बनाने और हरी सब्जियों का आकार जल्दी बढ़ाने के लिए विभिन्न तरह के रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है, जो मनुष्य के लिए घातक हो सकते हैं।ऐसा ही एक मामला हाल में मुंबई के पायधोनी इलाके में सामने आया, जहां तरबूज खाने के बाद एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। फोरेंसिक जांच रिपोर्ट के मुताबिक, मृतकों के आंतरिक अंगों और तरबूज के नमूनों में चूहे मारने की दवा के अंश पाए गए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि तरबूज के अंदर यह दवा कैसे आई। इस बात की आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं तरबूज को पकाने के लिए तो इस दवा का इस्तेमाल नहीं किया गया।इस मामले में पुलिस की जांच के बीच अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर परिवार के चार सदस्यों की मौत के लिए जिम्मेदार कौन है? फसलों को कीटों और अन्य जंतुओं से बचाने के लिए कीटनाशक तैयार किए गए हैं, लेकिन इनका अंधाधुंध और अवैज्ञानिक इस्तेमाल अब मानव के स्वास्थ्य तथा जीवन पर भारी पड़ रहा है।ऐसी खबरें भी आती रहती हैं कि कच्चे फल-सब्जियों को पकाने और उनका आकार जल्दी बढ़ाने के लिए इंजेक्शन से उनके भीतर रसायन डाला जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदेह हो सकता है। हालांकि सरकार की ओर से कीटनाशकों की खरीद-बिक्री और इनके इस्तेमाल को लेकर नियम-शर्तें लागू की गई हैं, लेकिन इन पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करने में विभिन्न स्तरों पर लापरवाही साफ नजर आती है। ऐसे में इसकी नितांत जरूरत है कि संबंधित महकमे की ओर से नियमित तौर पर फल-सब्जियों की जांच की जाए, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो और हानिकारक रसायनों के इस्तेमाल से सेहत पर दुष्प्रभाव को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाई जाए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य एवं जीवन के साथ किसी तरह का खिलवाड़ न हो।

# पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

काशीपुर। एक महिला ने युवक पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पैगा चौगी क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री 06 मई की दोपहर 2 बजे घर से गायब हो गई। खोजबीन करने पर उसे पता चला कि बासखेड़ा निवासी आलम पुत्र मोबीन उसकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है। महिला ने पुलिस से उसकी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# महिला के गर्भाशय से निकाला पांच किलो का ट्यूमर

## चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल गौर के नेतृत्व में सर्जन डॉ तनवीर अहमद एवं महिला चिकित्सक डॉ कनक बनोथा की टीम को मिली सफलता

किच्छा। नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत करीब 2 वर्षों से गर्भाशय के ट्यूमर से पीड़ित महिला का चिकित्सकों ने सफल जटिल ऑपरेशन कर महिला की जान बचा ली। जटिल ऑपरेशन के बाद महिला के गर्भाशय से 5 किलो वजन का ट्यूमर निकाला गया। जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम शांतिपुरी नंबर 4 निवासी मनोहर सिंह की पत्नी बीना कोरंगा विगत करीब 2 वर्षों से इस गंभीर बीमारी से जूझ रही थी और उनका स्वास्थ्य लगातार खराब हो रहा था। सामान्य परिवार से होने के कारण निजी अस्पतालों के महंगे इलाज में असमर्थ उनका परिवार ऑपरेशन नहीं करा पाया था। मिली जानकारी के अनुसार करीब 37 वर्षीय बीना कोरंगा के परिजनों द्वारा नगर स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राहुल गौर से संपर्क कर उन्हें बीना कोरंगा की सभी मेडिकल रिपोर्ट दिखाते हुए परामर्श लिया गया। मेडिकल रिपोर्ट



देखने के बाद डॉ राहुल द्वारा उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करने तथा ऑपरेशन की सलाह दी गई। शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ राहुल गौर के नेतृत्व में वरिष्ठ सर्जन डॉ तनवीर अहमद, महिला विशेषज्ञ डॉ कनक बनोथा सहित नर्सिंग ऑफिसर सुखदीप कौर, ओव टीव सहायक दीवान कोरंगा एवं सतेंद्र कुमार की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक कर लिया। महिला के गर्भाशय से करीब 5 किलो वजन के ट्यूमर को ऑपरेशन के बाद निकाला गया और बीना कोरंगा की को नया जीवन मिल गया। पूर्व में तैनात सर्जन चिकित्सक के यहां से जाने के बाद गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए निजी अस्पताल में महंगा इलाज कराने को मजबूर होना पड़ रहा था, लेकिन अब डॉ राहुल गौर एवं सर्जन डॉ तनवीर अहमद की तैनाती के बाद नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को ऑपरेशन की सुविधा मिलने से जनता में खुशी की लहर है और सरकारी सुविधाओं का लाभ निधन एवं सामान्य परिवारों को मिल रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ राहुल ने बताया कि गर्भाशय में 5 किलो का ट्यूमर आने वाले समय में महिला के जीवन को भी संकट में डाल सकता था और अब सफलतापूर्वक ऑपरेशन के बाद महिला को नया जीवन मिल गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में महिला का उपचार चल रहा है और जल्द ही महिला को घर भेज दिया जाएगा। विगत दो वर्षों से परेशान बीना कोरंगा के सफल ऑपरेशन के बाद उनके परिजनों ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ राहुल गौर एवं पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है।

# पंतनगर में लगेगी बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा

पंतनगर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप पंतनगर स्थित अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित किए जाने की दिशा में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यदायी संस्था कुमाऊँ मंडल विकास निगम के अवर अभियंता अजय सिंह के साथ अंबेडकर पार्क पहुंचकर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और प्रतिमा स्थापना के लिए स्थान का चिन्हीकरण किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति पंतनगर द्वारा लंबे समय से बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित



किए जाने की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किच्छा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस मांग को गंभीरता से लेते हुए स्वीकृति प्रदान की थी। मुख्यमंत्री द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए कुमाऊँ मंडल विकास निगम को 50 लाख रुपये की धनराशि भी जारी कर दी गई है। राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सामाजिक समरसता, महापुरुषों के सम्मान और जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रेरणास्रोत भी हैं। उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित होने से नई पीढ़ी को उनके विचारों और संघर्षों से प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि कार्यदायी संस्था द्वारा शीघ्र ही पार्क के सौंदर्यीकरण और प्रतिमा स्थापना का कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे अंबेडकर पार्क पंतनगर को एक भव्य और प्रेरणादायी स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान पंतनगर इंदिरा कॉलोनी के स्थानीय नागरिकों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को बताया कि विगत चार दिनों से क्षेत्र का विद्युत ट्रांसफार्मर फुंक जाने के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। भीषण गर्मी के बीच क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए राजेश शुक्ला ने मौके पर ही विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से दूरभाष पर वार्ता कर आज शाम तक ट्रांसफार्मर बदलने अथवा नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने के निर्देश दिए। इस दौरान समिति अध्यक्ष रामाशीष, मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अलकेश सिंह, सर्वेश रॉय, महेंद्र बाल्मीकि, सचिन शर्मा, रवि कुमार, कमल ठटोला, सुधीर यादव, पवन दूबे, आशीष ढांढ़ा, डी के सिंह, कमलेश्वर दूबे, रजनीश पांडे, धर्म सिंह यादव, राहुल , सुमित कुमार, उदय कुमार समेत अनेक पार्टी पदाधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

काशीपुर। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर काशीपुर में क्षत्रिय समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित इस समारोह में क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। पूरा कार्यक्रम देशभक्ति, गौरव और सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। पूजा-अर्चना पंडित हर्षवर्धन सारस्वत द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं बल्कि त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्र प्रेम के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने समाज से एकजुट होकर सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान राज्य मंत्री सीमा चौहान सहित संदीप सहगल, मानवेंद्र सिंह मानस, प्रमोद सिंह तोमर, संजय सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक की शिकायत पर पुत्र एवं पुत्रवधू को बेदखल करने के आदेश

गदरपुर। न्यायालय माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिकरण तथा कल्याण अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी गदरपुर न्यायालय में विचाराधीन वाद संख्या 51/01 वर्ष 2024-25 में वरिष्ठ नागरिक के पक्ष में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मकरंदपुर निवासी स्वपन विश्वास पुत्र दीनानाथ विश्वास द्वारा अपने पुत्र अमृत विश्वास उर्फ अमित विश्वास तथा पुत्रवधू पूजा विश्वास के विरुद्ध माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 के अंतर्गत वाद प्रस्तुत किया गया था।वाद की सुनवाई के उपरांत माननीय रिचा सिंह उपजिलाधिकारी न्यायालय गदरपुर द्वारा वरिष्ठ नागरिक के पक्ष में निर्णय सुनाते हुए प्रतिवादी अमृत विश्वास उर्फ अमित विश्वास एवं उनकी पत्नी पूजा विश्वास निवासी ग्राम मकरंदपुर, तहसील गदरपुर को बेदखल करने के आदेश पारित किए गए।न्यायालय के इस आदेश को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


## ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

CIN: L85110UR1995PLC008627
Regd. Office : Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, Sidcul, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand 263153
Corporate Office: 2/9, 1st floor, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi - 110015
Ph.: 05944-250270, 011-45642555, Fax: 05944-250269, E-mail: cs@archidply.com, Website: www.archidply.com

**EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2026**

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | PARTICULARS | STANDALONE | | | | CONSOLIDATED | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Year Ended | | Quarter Ended | | Year Ended | |
| | | 31-Mar-26 | 31-Mar-25 | 31-Mar-26 | 31-Mar-25 | 31-Mar-26 | 31-Mar-25 | 31-Mar-26 | 31-Mar-25 |
| 1 | Total income from operations | 14011.20 | 12833.40 | 50774.59 | 46428.17 | 17913.24 | 16180.95 | 67070.18 | 55591.29 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 470.79 | 397.60 | 1553.70 | 1060.99 | 429.36 | 76.65 | 1264.14 | -770.81 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 470.79 | 397.60 | 1414.84 | 1060.99 | 429.36 | 76.65 | 1124.77 | -770.81 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 364.47 | 286.19 | 1073.94 | 787.86 | 314.86 | -9.99 | 797.63 | -735.80 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 355.03 | 208.65 | 1072.73 | 761.95 | 305.48 | -87.53 | 796.47 | -761.70 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of Re.1/- each) | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (Face value of Re.10/- each)-(for continuing and discontinued operations) (not annualised) (amount in Rs.) | | | | | | | | |
| | Basic : | 1.83 | 1.44 | 5.41 | 3.97 | 1.59 | -0.05 | 4.02 | -3.70 |
| | Diluted: | 1.83 | 1.44 | 5.41 | 3.97 | 1.59 | -0.05 | 4.02 | -3.70 |

**Notes:**

1 The above Standalone & Consolidated audited financial results of Archidply Industries Limited ("the Company") have been reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors of the Company at their meeting held on May 08, 2026. Audit Report of these results as required under Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, has been completed by the statutory auditors of the Company. The Statutory Auditor has issued an unqualified report thereon.

2 The above audited financial results of the company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.

3 Previous year/period figures has been regrouped/reclassified, wherever necessary to conform to those current year classification.

4 The full format of the results is available on the websites of the stock exchanges (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on the company website (www.archidply.com).

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Rajiv Daga
Managing Director
DIN: 01412917

Place: New Delhi
Date : May 08, 2026







# रविन्द्रनगर में महानाम संकीर्तन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राधा कृष्ण महानाम यज्ञ सभा द्वारा नेताजी सुभाष पार्क रविन्द्रनगर में आयोजित 18 वें श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम का आज से शुभारम्भ हुआ। आज प्रात: भारी संख्या में महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर आयोजन स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो रविन्द्रनगर, किच्छा बाईपास रोड पर स्थित लेक पैराडाईज झील तक पहुंची जहां कलश में जल धारण कर महिलायें बैंड बाजे की धुन में नृत्य करते और भजन कीर्तन करती हुई वापस आयोजन स्थल पर पहुंची जहां वैदिक मंत्रों के बीच कलश स्थापित किये गये। आज सायं 8 बजे अधिवास होगा। 10 मई को प्रात: 6 बजे से अखण्ड महानाम संकीर्तन व दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रारम्भ होगा। महानाम संकीर्तन करने आई कीर्तन मंडलियों में जय राधे सम्प्रदाय कोलकाता, ओम शांति सम्प्रदाय दिनेशपुर, जय जगन्नाथ सम्प्रदाय उड़ीसा, राधा रमन सम्प्रदाय दिल्ली, श्यामा सम्प्रदाय जगतपुरा व राधारानी सम्प्रदाय कीर्तन मंडलियां शामिल हैं। 11 व 12 मई को अखण्ड महानाम संकीर्तन व भंडारा जारी रहेगा। 13 मई को प्रात:' कार्यक्रम का समापन एवं तुलसी पूजा की जायेगी। कलश यात्रा में विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजीव नन्दी, बृजेन मंडल, रमेन विश्वास, तरूण मंडल, राजू कुमार, रवि सरकार, सहित आयोजन समिति के हीरा मंडल, विपुल गाईन, चन्दन देवनाथ, सुकुमार वैद्य, सरजीत मंडल, अभिताभ मल्लिक, संजय हाल्दार, विवेक महलदार, कार्तिक मंडल, विष्णु, प्रकाश अधिकारी, उर्मिला, मंजू, सरस्वती, मधू, पायल, अंजली, पुष्पा, राधा, गायत्री, संजना, पार्वती, संगीता सहित सैकड़ों की संख्या में महिलायें व अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

## महाराणा प्रताप जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण

किच्छा। वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर किच्छा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महाराणा चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश प्रताप सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपना पूरा जीवन संघर्ष में बिताया। उनका जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के आदर्शों से सीख लेकर देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आत्मसम्मान के प्रतीक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी और संघर्ष का रास्ता चुना। वहीं पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन समाज को एकता, साहस और देशभक्ति का संदेश देता है।कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।



## सुजन मंडल बने राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के युवा विंग के वाइस प्रेसिडेंट

शक्तिफार्म। क्षेत्र के युवा समाजसेवी और हिंदुत्व विचारधारा से जुड़े सक्रिय चेहरे सुजन मंडल को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन में उत्तराखंड युवा विंग का वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। संगठन की ओर से जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार उनकी यह जिम्मेदारी 25 अप्रैल 2026 से प्रभावी मानी गई है। नियुक्ति की सूचना सामने आते ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया तथा सोशल मीडिया और दूरभाष के माध्यम से लगातार बधाइयों का सिलसिला चलता रहा। नियुक्ति के बाद शक्तिफार्म पहुंचे सुजन मंडल का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में हिंदुत्व, सनातन संस्कृति और राष्ट्रवाद को लेकर मुखर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज अब अपनी आस्था, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के प्रति पूरी तरह जागरूक हो चुका है और किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक अथवा धार्मिक चुनौती को स्वीकार नहीं करेगा। करते हुए कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लव जिहाद, गौहत्या, अवैध धर्मांतरण और जमीनों पर अवैध कब्जों जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विषयों पर युवाओं को लोकतांत्रिक और कानूनी दायरे में रहकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि सुजन मंडल लंबे समय से सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ और सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और समाज सेवा से जुड़े कार्यों को नई गति प्राप्त होगी। इस दौरान सुधीर सूर्यवंशी, अंकित पवार, जयदेव शाह, कमलेश पांडे, उत्तम वाला, प्रेम नारायण, अरुण डोभाल, सुधीर भट्ट, प्रेम राठौड़, गोविन्द तालुकदार, रवि मजूमदार, उत्तम राय समेत अनेक लोगों ने सुजन मंडल को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## उप तहसील में धरने पर चौथे दिन भी डटे रहे ग्रामीण

नानकमत्ता। ग्राम सरोजा में ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी और उनके पिता पर कथित अतिक्रमण दर्शाकर नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के विरोध में तहसील परिसर में चल रहा धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे ग्रामीणों और समर्थकों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। धरने में पहुंचे कांग्रेस नेता अशोक राणा ने कहा कि अन्याय के खिलाफ उनकी लड़ाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन सरकार के दबाव में कार्य करते हुए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को रोकने का प्रयास कर रहा है, जो लोकतंत्र की भावना के विपरीत है।उन्होंने कहा कि फर्जी अतिक्रमण दिखाकर प्रत्याशियों को चुनाव प्रक्रिया से बाहर करना सरकार की नीति बन चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।धरने में सुरेंद्र सिंह करनावल, जागीर सिंह, मानसिंह राजपूत, जिंदर सिंह, कुलविंद्र सिंह, रणदीप सिंह, बलविंदर सिंह, संदीप सिंह, गुरदेव सिंह, फोजा सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और समर्थक मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**सुभेंदु बने पश्चिम बंगाल के ....** दिलीप घोष समेत पांच मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इनमें अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदिराम टुडू और निसिथ प्रमाणिक शामिल रहे। भाजपा विधायक दल की बैठक शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में कोलकाता में आयोजित की गई थी। बैठक में शुभेंदु अधिकारी को विधायक दल का नेता चुना गया, जिसके बाद अमित शाह ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की। इसके बाद शुभेंदु अधिकारी ने राज्यपाल आर एन रवि से मुलाकात कर विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपते हुए सरकार बनाने का दावा पेश किया था। भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 207 सीटों पर जीत दर्ज कर प्रचंड बहुमत हासिल किया, जबकि तृणमूल कांग्रेस 80 सीटों पर सिमट गई। इसके साथ ही राज्य में ममता बनर्जी के 15 वर्षों के शासन का अंत हो गया। भवानीपुर सीट से चुनाव लड़ रहे शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को हराकर राजनीतिक हलकों में बड़ा संदेश दिया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंच पर पहुंचकर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने समारोह में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और अतिथियों से मुलाकात की। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता माखनलाल सरकार का भी आशीर्वाद लिया। 98 वर्षीय माखनलाल सरकार को भाजपा और राष्ट्रवादी विचारधारा के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं में माना जाता है। वर्ष 1952 में वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ कश्मीर में तिरंगा आंदोलन के दौरान गिरफ्तार भी हुए थे। प्रधानमंत्री द्वारा मंच पर उनका सम्मान किए जाने का दृश्य समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर कोलकाता शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विभिन्न राज्यों से पहुंचे भाजपा समर्थकों और नेताओं के कारण पूरे शहर में राजनीतिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

**बंगाल में भाजपा सरकार...** सहित केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न राज्यों से पहुंचे मुख्यमंत्रियों से भेंट कर समसामयिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और मंत्री परिषद को शपथ ग्रहण की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में नई सरकार प्रभावी कार्य करेगी, जिससे प्रदेश के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा सरकारें देशभर में विकास, पारदर्शिता और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पश्चिम बंगाल में नई सरकार राज्य की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास का नया अध्याय लिखेगी।

**स्वास्थ्य मंत्री का मेडिकल कालेज...** कि स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने औषधि भंडार केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान दवाओं के रखरखाव और वितरण व्यवस्था को लेकर भी गंभीर आपत्तियां सामने आईं। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए औषधि भंडार केंद्र पर तत्काल ताला लगाकर जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज परिसर और वार्डों में अव्यवस्था तथा गंदगी देखकर स्वास्थ्य मंत्री का पारा चढ़ गया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाया जाए तथा भोजन, दवाइयों और साफ सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज परिसर में डॉक्टर केबिन के पास मौजूद निर्माण सामग्री और मलबा हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ केके अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ उषा रावत सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे। डॉ उषा रावत ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिन पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**जनता इंटर कालेज...** में सामान्यत: स्वास्थ्य संबंधी कारणों, पारिवारिक आवश्यकता अथवा अन्य आकस्मिक परिस्थितियों में छात्रों को हाफ डे अथवा अवकाश दिए जाने की व्यवस्था होती है। हालांकि धार्मिक कारणों से नियमित रूप से इस प्रकार की अनुमति दिए जाने का कोई स्पष्ट प्रावधान है या नहीं, यह जांच का विषय बना हुआ है। वायरल हो रहे इस पास की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उल्लेखनीय है कि जनता इंटर कॉलेज पहले से ही कॉलेज परिसर से सटी सरकारी भूमि को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में है। अब इस नए मामले के सामने आने के बाद विद्यालय प्रबंधन एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है।

**ई रिक्शा चालक...** लेकर वापस आ रहा था तभी उसके ई-रिक्शा के पीछे लगभग एक दर्जन लड़के अपनी मोटर साईकिल से आये गालिया देते हुये उसके ई-रिक्शा रोकने का प्रयास करने लगे। जिससे घबराकर वह वहां से भाग कर घर पर आ गया। तभी उक्त लड़को ने उसकी गली में आ कर गालिया देते हुये लाठी डण्ड़ो व लोहे की रॉड़ से उसे मारने पीटने लगे, जिससे उसके सिर पर खुली चोट आयी है। पुलिस ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

**मेयर की दो टूक....** तूल देकर समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है जिसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मेयर ने साफ शब्दों में कहां कि स्कूल को बिल्कुल नहीं छेड़ा गया है और न ही वे स्कूल के संचालन में किसी प्रकार का हस्तक्षेप करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यदि केवल जनता इंटर कॉलेज की बात की जाएगी तो शहर में अन्य कई विद्यालय भी हैं। मेरा उद्देश्य किसी स्कूल को प्रभावित करना नहीं है, लेकिन सरकारी भूमि की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल से दो टूक कहा कि यदि अनावश्यक दबाव बनाया गया और जनहित में कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता पड़ी, तो वे उससे भी पीछे नहीं हटेंगे। मेरे लिए सबसे पहले शहर और समाज का हित है, उन्होंने कहा। मेयर ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल के शौचालय तक पहुंच के लिए रास्ता खोलने का अनुरोध किया था, जिसे तत्काल प्रभाव से खुलवा दिया गया। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित भूमि नगर निगम के कब्जे में ही रहेगी और आगे जो भी निर्णय होगा, वह जनहित को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। विकास शर्मा ने कहा कि समाज में इस मामले को जबरन स्कूल की भूमि से जोड़कर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने दोहराया कि स्कूल सुरक्षित है और विद्यार्थियों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मेयर ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं में युवाओं और समाज के सभी वर्गों को नेतृत्व का अवसर मिलना चाहिए। शहर की संस्थाएं किसी एक व्यक्ति के इशारे पर नहीं चल सकतीं। उनमें पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। इन संस्थाओं में समाज के सभी लोगों को शामिल किया जाए, ताकि समाज में एक अच्छा संदेश भी जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के पास विकास कार्यों के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं। यदि संस्थाएं बेहतर परियोजनाएं प्रस्तुत करें तो सार्वजनिक स्थलों को आधुनिक रूप दिया जा सकता है।

**शहर की संस्थाओ...** आधुनिक सुविधाओं के कारण एक आदर्श स्थल बन चुका है। मेयर ने श्री रामलीला मैदान में विवाह समारोहों के लिए 21 हजार से 31 हजार रुपये तक शुल्क लिए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि गरीब परिवारों के लिए इतनी बड़ी राशि देना कठिन है। शुल्क व्यवस्था में पारदर्शिता और सामाजिक संवेदनशीलता होनी चाहिए। मेयर ने कहा, मैं भी इसी शहर का नागरिक हूं और जनता के सहयोग से महापौर बना हूं। मेरा दायित्व किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाना नहीं, बल्कि पूरे शहर के हित में निष्पक्ष निर्णय लेना है। मेयर के इस स्पष्ट बयान के बाद जनता इंटर कॉलेज के पास सरकारी भूमि को लेकर चल रहे विवाद पर नगर निगम का पक्ष सामने आ गया है। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि शहरहित और सामाजिक सरोकार उनके लिए सर्वोपरि हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड की जेलों में क्षमता से दुगने तक कैदी बंद

## उत्तराखंड की जेलों में बंद कैदियों में पिछले वर्ष की अपेक्षा आयी कमी

काशीपुर। उत्तराखंड जैसे शान्त माने जाने वाले राज्य में भी उत्तराखंड की आधे से अधिक जेलों में उसकी क्षमता से दुगने तक कैदी बंद है जबकि कुल कैदियों की संख्या पिछले वर्ष की 5521 से 765 की कमी होकर 4812 हो गयी है। यह खुलासा सूचना अधिकार के अन्तर्गत कारागार मुख्यालय द्वारा नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने महानिरीक्षक कारागार (कारागार मुख्यालय) उत्तराखंड से उत्तराखंड राज्य की जेलो में बंदियों की क्षमता तथा वर्तमान में बंद कैदियों की संख्या के सम्बन्ध में सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में मुख्यालय कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग उत्तराखंड के लोक सूचना अधिकारी ने अपने पत्रांक 442 दिनांक 23 फरवरी 2026 से जेलों की क्षमता तथा बंदियों का विवरण उपलब्ध कराया है। इससे पूर्व 07 फरवरी 2025 की सूचना में 2025 में कैदियों की संख्य उपलब्ध करायी गयी है। 23 फरवरी 2026 की श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार क्षमता से सबसे अधिक लगभग दुगने 141 कैदी 71 क्षमता वाली जिला कारागार नैनीताल में बंद हैं जबकि दूसरे स्थान पर क्षमता के 185 प्रतिशत 189 कैदी 102 क्षमता वाली जिला कारागार अल्मोड़ा में बंद हैं। तीसरे स्थान पर 157 प्रतिशत कैदी 911 कैदी 580 क्षमता वाली देहरादून जेल में बंद हैं। चौथे स्थान पर क्षमता के 152 प्रतिशत 1025 कैदी 675 क्षमता वाली उपकारागार हल्द्वानी जेल में बंद हैं। पांचवें स्थान पर क्षमता के 140 प्रतिशत 772 कैदी 552 क्षमता वाली केन्द्रीय कारागार सितारगंज जेल में बंद हैं। छठे स्थान पर क्षमता के 122 प्रतिशत 298 कैदी 244 क्षमता वाली उपकारागार रूड़की में बंद है।श्री नदीम को उपलब्ध 23 फरवरी 2026 की सूचना के अनुसार क्षमता से सबसे कम 19 प्रतिशत 56 कैदी 300 क्षमता वाली सम्पूर्णनन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में बंद हैं जबकि दूसरे स्थान पर क्षमता के 64 प्रतिशत 109 कैदी 169 क्षमता वाली जिला कारागार चमोली में बंद हैं। तीसरे स्थान पर क्षमता के 72 प्रतिशत 108 कैदी 150 क्षमता वाली जिला कारागार पौड़ी में बंद हैं। चौथे स्थान पर क्षमता के 98 प्रतिशत 78 कैदी 80 क्षमता वाली जिला कारागार पिथौरागढ़ में बंद हैं जबकि जिला कारागार टिहरी में क्षमता के अनुरूप 150 कैदी ही बंद है। श्री नदीम को 07 फरवरी 2025 को उपलब्ध सूचना के अनुसार 2025 में क्षमता से सर्वाधिक अधिक 185 प्रतिशत कैदी 102 क्षमता वाली जिला कारागार अल्मोड़ा में 291 कैदी थे। दूसरे स्थान पर क्षमता के 201 प्रतिशत कैदी 71 क्षमता वाली जिला कारागार नैनीताल में 143 कैदी बंद थे। तीसरे स्थान पर क्षमता के 193 प्रतिशत कैदी 580 क्षमता वाली जिला कारागार देहरादून में 1122 कैदी बंद थे। चौथे स्थान पर क्षमता के 187 प्रतिशत कैदी 635 क्षमता वाली उपकारागार हल्द्वानी में 1188 कैदी बंद थे। पांचवें स्थान पर क्षमता के 156 प्रतिशत कैदी 552 क्षमता वाली केन्द्रीय कारागार सितारगंज में 860 कैदी बंद थे। छठे स्थान पर क्षमता के 132 प्रतिशत कैदी 150 क्षमता वाली जिला कारागार टिहरी में 198 कैदी बंद थे। सातवें स्थान पर क्षमता के 131 प्रतिशत कैदी 244 क्षमता वाली रूड़की उपकारागार में 319 कैदी बंद थे। आठवें स्थान पर क्षमता के 126 प्रतिशत कैदी 888 क्षमता वाली जिला कारागार हरिद्वार में 1120 कैदी बंद थे। नवें स्थान पर क्षमता के 107 प्रतिशत कैदी 150 क्षमता वाली जिला पौड़ी में 160 कैदी बंद थे। श्री नदीम को 2025 में उपलब्ध सूचना के अनुसार प्रदेश में केवल दो जेले ही ऐसी थी जिसमें निर्धारित स्वीकृत क्षमता से कम कैदी बंद थे। इसमें एक विशेष जेल सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) इसकी क्षमता 300 कैदियों की थी जबकि इसकी क्षमता के मात्र 15 प्रतिशत 45 कैदी ही इसमें बंद थे। इसके अतिरिक्त सामान्य जेलों में स्वीकृत क्षमता से कम कैदियों वाली एकमात्र जेल जिला कारागार चमोली है। इसमें उसकी क्षमता 169 की अपेक्षा 71 प्रतिशत 120 कैदी ही बंद थे।

# आपदा राहत और निगरानी कार्यों के लिए ड्रोन प्रशिक्षण सम्पन्न

## पुलिस विभाग और तहसीलों को उपलब्ध कराए गए दस ड्रोन कैमरे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद ऊधम सिंह नगर में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दो दिवसीय ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा राहत एवं बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन, मेलों एवं आयोजनों में यातायात नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा संवेदनशील गतिविधियों की निगरानी में आधुनिक तकनीक का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना रहा। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सात और आठ मई को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी द्वारा ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस विभाग तथा जनपद की सभी तहसीलों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ड्रोन संचालन, उसकी उपयोगिता, सुरक्षा मानकों तथा आपदा प्रबंधन कार्यों में ड्रोन तकनीक के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारियों को बताया गया कि ड्रोन के माध्यम से आपदा प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी, राहत एवं बचाव कार्यों में त्वरित सहायता, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा संवेदनशील स्थलों की निगरानी को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इसके अलावा आपातकालीन परिस्थितियों में ड्रोन तकनीक के उपयोग से त्वरित सूचना संकलन और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दूसरे और समापन दिवस पर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्रोन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान ड्रोन उड़ाने, कैमरा संचालन और तकनीकी उपयोग से जुड़ी बारीकियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर पुलिस विभाग को दो तथा जनपद की समस्त तहसीलों को एक एक सहित कुल 10 ड्रोन कैमरे उपलब्ध कराए गए। अधिकारियों ने बताया कि इससे विभिन्न विभागीय कार्यों में आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा तथा आपदा और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई में सहायता मिलेगी।



# व्यापारियों ने ईई को सौपा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के व्यस्ततम बाटा चौक क्षेत्र में जर्जर विद्युत तारों के कारण लगातार हो रही शॉर्ट सर्किट व आग लगने की घटनाओं को लेकर व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में व्यापार मंडल द्वारा अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में आज विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि शहर का बाटा चौक शहर का प्रमुख बाजार है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन रहता है। इसके बावजूद क्षेत्र में वर्षों पुराने एवं अव्यवस्थित विद्युत तार हादसों को न्योता दे रहे हैं। आए दिन तारों में आग लगने से व्यापारियों व आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने विभाग से तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की हैं। जिस पर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधि को भरोसा दिया कि आगामी सोमवार को मुख्य बाजार में जो विद्युत की लाइन खराब हो गई है उसको बदलने का काम प्रारम्भ किया जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल के पूर्व महामंत्री हरीश अरोरा , पूर्व युवा कोषाध्यक्ष पवन गाबा पल्ली, संजय ठुकराल, आकाश भुसरी आदि व्यापारी उपस्थित थे।



# बाली ने किया 8 सडकों का शिलान्यास 95 लाभार्थियों को दिए पेंशन स्वीकृति पत्र

काशीपुर(उद संवाददता)। महापौर दीपक बाली विकास कार्यों का शिलान्यास करने गढीनेगी पहुंचे। वार्ड नंबर 7 रामजीवनपुर में सचिन बाठला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने एक साथ 4 सड़कों का शिलान्यास किया। महापौर ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गढी नेगी में चार और सड़कों का शिलान्यास किया गया। इन सभी आठ सड़कों पर 92 लाख 69 हजार रु की लागत आएगी। इसी तरह 95 लाभार्थियों को समाज कल्याण विभाग से प्राप्त पेंशन स्वीकृति पत्र भी वितरित किये। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, अवर अभियंता विवेक कुमार, तीरथ सिंह विर्क , विमल कुमार, हरिओम सुधा, सचिन शर्मा , संजय खन्ना , पी. सी. वर्मा , सुरेश प्रजापति , मोनू प्रजापति , रामचंद्र आदि उपस्थित रहे।



# पीएनबी के मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम में करोड़ों के व्यावसायिक अवसर प्राप्त

गदरपुर। पंजाब नेशनल बैंक के हल्द्वानी सर्किल द्वारा शुक्रवार को गदरपुर में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों ने किसानों एवं ऋणकर्ताओं को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वीकृति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में हल्द्वानी सर्किल हेड सिद्धार्थ अधिकारी एवं एजीएम हेड ऑफ द हेड घनश्याम चौधरी ने डीसीएच दीप चंद्र, एमसीसी काशीपुर के प्रमुख नीरज जखमोला तथा एमसीसी हल्द्वानी के प्रमुख उदय महाजन की उपस्थिति में विभिन्न ऋणकर्ताओं को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस दौरान आहूजा स्वीट्स के प्रबंध निदेशक राकेश आहूजा, बजाज स्वीट्स के संचालक बजाज तथा सूर्या सीड्स के जे.के. अरोड़ा सहित कई प्रतिष्ठित ऋणकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्राहकों को पंजाब नेशनल बैंक की विभिन्न कृषि योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग उत्पादों एवं अन्य बैंकिंग सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैंक अधिकारियों के अनुसार कार्यक्रम को ग्राहकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली तथा 80 करोड़ रुपये से अधिक के व्यावसायिक अवसर प्राप्त हुए। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में ऋण सुविधाओं का विस्तार करना तथा ग्राहकों के साथ बैंक का जुड़ाव मजबूत करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी एवं बैंक ग्राहक उपस्थित रहे।

